Regarding Need to accord approval for setting up solar-energy projects in Ratlam Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh-Laid

श्रीमती अनिता नागरसिंह चौ हा न (रतलाम) : मैं सरकार का ध्यान अपनेसंसदीय क्षेत्र रतलाम (मध्य प्रदेश) अंतर्गत रतलामझा बु आआलीराजपुर की एक अत्यंत महत्वपू र्णआवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहती हूँ । यह क्षेत्र ज नजातीय बहुल और भौगोलिक रूप सेपिछड़ा हुआ है, जहाँ आज भी अ नेक दूरस्थ ग्रामों मेंनियमित विद्युत आपू र्ति की गंभीर समस्या बनी हुई है । जबकि यह क्षेत्र वर्षके अधिकांश समय पर्याप्त सूर्यप्रकाश प्राप्त करता है, जो सौर ऊर्जाउत्पादन हेतु अत्यंत अनुकू ल है । यदि इस क्षेत्र मेंसौर ऊर्जापार्क, रूफटॉप सोलर प्लांट, सोलर पंप तथा सौर स्ट्रीट लाइट परियोजनाओं की स्थापना की जाए तो स्वच्छ तथा नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा । इससे कृषि कार्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तथा लघु उद्योगों को मजबूती मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे । अतः मैं सरकार से आग्रह करती हूँकि मध्य प्रदेश राज्य के रतलामझा बु आआलीराजपुर संसदीय क्षेत्र मेंसौर ऊर्जा परियोजनाओं की स्थापना हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान की जाए ।